A work shop on BIO TECH

कार्यशाला का आयोजन

शिमला, 15 दिसम्बर (ब्यूरो): सैंटर ऑफ एक्सीलैंस संजौली कालेज में शनिवार को बायोटैक्नोलॉजी तकनीकों पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन कालेज के बायोटैक्नोलॉजी विभाग व बायोटैक्नोलॉजी एंड बायोइन्फोमेट विभाग जे.पी. वि.वि. वाकनाघाट के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। इस मौके पर जे.पी. वि.वि. के कुलपति प्रो.विनोद कुमार, प्रो. समीरदेव गुप्ता व मेजर जनरल राकेश बसी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्रों व वक्ताओं के बीच बायोटैक्नोलॉजी तकनीकों पर पैनल डिस्कशन हुआ। कालेज के प्रिंसीपल डा. सी.बी. मेहता ने कार्यशाला के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

Punjab Kesri, Shimla Kesri page no.2 on16.12.2018

संजौली कॉलेज में बायोसाइंस विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

शिमला। संजौली कॉलेज के बायोसाइंस विभाग और जेपी विविवॉकनाघाट के बायोइफारमैटिक्स विभाग के साथ मिलकर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हर छात्र कॉलेज में आयोजित की जाने वाली इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों में हर हाल में हिस्सा लें। इससे उनका ज्ञान बढ़ेगा और विषय को लेकर समझ बढ़ती है। कहा कि बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में भागेदारी बढ़ेगी और छात्र शोध कार्य कर समाज तथा राष्ट्रहित के लिए नई-नई तकनीकों को विकसित कर सकेंगे। कार्यशाला में जेपी यूनिवर्सिटी के प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अनिलकांत ठाकुर, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. रघु एम चेन्ना माली ने बायो गैस रियेक्टर, पीसी आई और माइक्रोबायोलॉजी का डेमोस्ट्रेशन भी दिया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को टिशु कल्चर, एंटीबॉडिज और डायग्नोस्टिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। ब्यूरो

Amar Ujala Page No. 7 dt. 16.12.2018